तुरन्त / समय अनुबंधित
विशेष वाहक द्वारा

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासनः दिल्ली
पर्यटन विभाग
पुराना सचिवालय, कमरा नं0 176–183, दिल्ली–110054.

संख्या फा. 8 / 509 / पर्यटन / वि.स. / 2019 / 4643-47 दिनांकः 24/03/2022

सेवा में,

उप सचिव,
प्रश्न शाखा
विधानसभा सचिवालय
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054

विषयः विधानसभा अतारांकित प्रश्न सं0 132 दिनांक 28.03.2022 के लिए

महोदय,

आपके ई–मेल दिनांक 17.03.2022 के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियां अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न हैं।

यह सक्षम प्राधिकारी, माननीय उप–मुख्यमंत्री / पर्यटन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

24/3/2022
(खेमचंद बडगुजर)
सहायक निदेशक, पर्यटन

संख्या फा. 8 / 509 / पर्यटन / वि.स. / 2018 / 4643-47 दिनांकः 24/03/2022

प्रतिलिपि प्रेषितः
1. निजी सचिव, पर्यटन मंत्री, दिल्ली ।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, दिल्ली ।
3. निजी सचिव, सचिव, पर्यटन, दिल्ली ।
4. निदेशक, सूचना एवं प्रसारण विभाग, पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054
   150 प्रतियों सहित ।

24/3/2022
(खेमचंद बडगुजर)
सहायक निदेशक, पर्यटन

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
पर्यटन विभाग, दिल्ली सरकार
सी–ब्लॉक, दूसरा तल, विकास भवन–2, अपर बेला रोड, दिल्ली–110054

अतारांकित प्रश्न संख्या : 132

दिनांक : 28.03.2022

प्रश्नकर्ता का नामः श्री ओम प्रकाश शर्मा

क्या माननीय उपमुख्यमंत्री / पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| कम सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | दिल्ली सरकार ने दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिछले 7 वर्षों में क्या–क्या नये कदम उठाये हैं; | दिल्ली में पर्यटन विकास की प्रक्रिया लगातार जारी रहती है और दिल्ली पर्यटन निगम दिल्ली सरकार की ओर से विभिन्न प्लान स्कीम क्रियान्वित करती है। पर्यटन विकास के लिए निम्नलिखित गतिविधियां नियमित तौर से चलाई जाती हैं-<br><br><u>मेलों और उत्सवों का आयोजन:</u><br>दिल्ली पर्यटन निगम प्रतिवर्ष अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स जैसे दिल्ली हाट, गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज, आदि और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रमों का वर्ष अनुसार विवरण अनुलग्नक-"ए" में संलग्न है।<br><br>आगे यह भी विदित हो कि कोविड-19 के चलते बहुत से प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सके। **उद्यान पर्यटन उत्सव** 24 दिन के लिए आयोजित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम स्थल पर कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन और कम से कम भीड़ हो इस बात का ध्यान रखा जा सके। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य यह भी था कि बागवानी से जुडे व्यवसायी, बिचोलिया और ग्राहक आपस में जानकारी साझा कर सकें जिनमे बड़ी नर्सरिया, हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर सोसाइटी, फूल और बीजों के सप्लायर, खाद और कंपोस्ट उत्पादक और विभिन्न सिविक संस्थाएं आदि शामिल हैं। इस वर्ष की थीम विषय रखे गए थे -- "सेलिब्रेट मदर नेचर", "सेलिब्रेट द फर्वर ऑफ स्प्रिंग" और "कलर ऑफ नेचर"। यह उत्सव हर प्रकार से अपने उद्देश्य पूर्ति में सफल और प्रत्येक दृष्टि से विषयों के साथ न्याय कर पाया। आकर्षक और मौसमी फूल और पौधों के सुंदर डिस्प्ले, विशेष थीम गार्डन और बाजार, विभिन्न संस्थाओं द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन और विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल इस उत्सव के प्रमुख आकर्षण थे।<br>**दिवाली** भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस बार |

दिल्ली पर लोगों के साथ दिवाली उत्सव में एक कार्यक्रम की मेजबानी करने का निर्णय लिया जिसके आयोजन का सीधा प्रसारण डिजिटल मीडिया और टेलीविजन पर दिखाया जा सका। जिससे सभी दिल्लीवासी इसका आनंद ले सके और पूरे देश के लोगों ने भी दिल्ली की दिवाली का भरपूर आनंद लिया। लगभग सभी प्रमुख टीवी चैनलों ने इस आयोजन का प्रसारण किया।

**"स्वतंत्रता के 75 वर्ष" का आयोजन:**

दिल्ली सरकार इस विशेष आयोजन को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कर मील के पत्थर की तरह मना रही है। 75 वर्ष के अंक 75 का प्रतीक मानकर 12 मार्च 2021 से शुरू होकर 15 अगस्त 2022 से पहले इसे 75 सप्ताह तक मनाएगी।

दिल्ली सरकार द्वारा डॉ. बी आर अंबेडकर के जीवन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक नाटक दिखाने का विचार है। यह नाटक दिल्ली पर्यटन द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आम जनता के लिए 1 महीने तक आयोजित किया जा रहा है।

**'देखो मेरी दिल्ली' मोबाइल ऐप :**

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर 2021 पर एक विश्व स्तरीय पर्यटन संबंधी मोबाइल एप्लीकेशन दिल्ली के अंदर आने वाले सभी पर्यटको को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। यह एप्लीकेशन पर्यटकों के लिए एक रेडी रेकनर की तरह काम करेगी जो उन्हें अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना उपलब्ध कराएगी जिसमें राजधानी शहर के बारे में, इसके पर्यटन स्थल, कोविड-19 के संबंध में यात्रा की गाइडलाइंस, मुख्य सहायता संपर्क नंबर आदि की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त इस ऐप के माध्यम से राजधानी के खाने पीने, खरीदारी करने और ठहरने के उत्तम स्थानों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस ऐप की एक विशेषता यह भी है, जो इसे सबसे अलग बनाती है, कि इसमें अपनी यात्रा योजना बना सकते हैं और आपके आसपास के प्रमुख स्थानों की जानकारी एक बटन में पा सकते हैं जोकि पर्यटकों की यात्रा में बहुत ही लाभकारी फीचर है। आपके द्वारा दिल्ली टूरिज्म और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विभिन्न स्थानों के लिए टिकट बुक की जा सकेगी। व्हाट्सएप में वास्तव में यह ऐप अपने मैप टीचर के द्वारा यात्रा को आसान बना देगी। इसके अतिरिक्त अगर यात्री को आवश्यकता हो तो अन्य सहायता के लिए भी अनेक लिंक दिए गए हैं। एक और अनोखा फीचर इस ऐप में दिया गया है 'दिल्ली थ्रू द लेंस' जिसमें पर्यटक स्कैन करके कोई भी जानकारी आपकी पहुंच में प्राप्त कर सकता है। एक 5 मिनट का वीडियो भी दिल्ली के बारे में इस ऐप में दिया गया है जिसके

| | | |
|---|---|---|
| | | माध्यम से आप राजधानी की सजीवता का अनुभव इसमें वर्चुअल अनुभव से प्राप्त कर सकते हैं।<br><br>अन्य :<br>• पर्यटन साहित्य, फोल्डर, लीफलेट, मैप, ब्रोशर, फिल्म और अन्य प्रचार सामग्री का निर्माण करना<br>• प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना<br>• दिल्ली को एक फिल्म शूटिंग केंद्र के रूप में प्रचारित करना<br>• राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव, मेलो, कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनियो में भाग लेना। |
| ख) | पर्यटन से दिल्ली सरकार को पिछले सात वर्षों में कितनी आय प्राप्त हुई है; वर्षवार विवरण दें; और | दिल्ली में पर्यटन सम्बन्धी गतिविधिया दिल्ली पर्यटन निगम द्वारा पर्यटन विभाग दिल्ली सरकार की ओर से प्राप्त सहायता राशि (ग्रांट इन ऐड) के सहयोग के आयोजित की जाती है। इनसे पर्यटन विभाग दिल्ली सरकार को कोई आय प्राप्त नहीं हुई। |
| ग) | दिल्ली सरकार की दिल्ली में पर्यटन के माध्यम से आय को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022 में क्या नई योजनाएं हैं ? | पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार ने अनेकों योजनाएं तैयार की हैं। नई योजनाओं की जानकारी 2022–23 बजट की प्रस्तुति के दौरान सदन के समक्ष रखी जाएगीं। |

स्वाति शर्मा

सचिव (पर्यटन)

SWATI SHARMA
I.A.S.
Secretary Tourism
Department of Tourism
Govt. of NCT of Delhi
C-Wing, 2nd Floor,
Vikas Bhawan-II, Delhi-110054

अनुलग्नक –'ए'

**Events/festivals orgainzed in the last 7 years by DTTDC.**

**2015-16**

- **Delhi Walk Festival**
- **Kayaking & Canoeing Competition**
- **Haftawar Cultural Programme at all DTTDC projects Dilli Haats & GFS**
- **Mango Festival**
- **North East Festival**
- **Spirit of India Run**
- **Garden Tourism Festival**
- **World Heritage Day**
- **World Tourism Day**
- **Phool Walon ki Sair**
- **Swaraj Parv**

**2016-17**

- **Delhi Summer Festival**
- **Battle of Bands**
- **Kite Festival**
- **Garden Tourism Festival**
- **Mango Festival**
- **World Heritage Day**
- **World Tourism Day**
- **Haftawar Cultural Programme at all DTTDC projects Dilli Haats & GFS**
- **BITB**

**2017-18**

- **Mango Festival**
- **World Tourism Day**
- **Garden Tourism Festival**
- **Haftawar Cultural Programme at all DTTDC projects Dilli Haats & GFS**

**2018-19**

- **World Tourism Day**
- **Delhi Summer Festival**
- **Delhi Tableau for Republic Day**
- **Mango Festival**
- **Garden Tourism Festival**
- **Haftawar Cultural Programme at all DTTDC projects Dilli Haats & GFS**

**2019-20**

- **Haftawar Cultural Programme at all DTTDC projects Dilli Haats & GFS**
- **Garden Tourism Festival**
- **World Tourism Day**
- **Paryatan Parv**
- **Mango Festival**
- **Monsoon Mehrauli Festival**
- **ABBA Concert**
- **Fashion show at Shahpur Jat**
- **Moscow Days in Delhi**
- **Cracker less Diwali at Central Park**

**2020-21**

- **Garden Tourism Festival (24 days)**
- **World Tourism Day**
- **Haftawar Cultural Programme**
- **Dilli Ki Diwali**
- **Inauguration of celebration of 75 Years of Independence**

**2021-22**

- **Dilli Ki Diwali**
- **Celebration of 75 Years of Independence- Theatre show on Dr. B. R. Ambedkar, organised event to pay tribute to Lata Mangeshkar Ji on behalf of SKP.**
- **Organised a live telecast of Ganesh Chaturthi on behalf of Art & Cultural Department.**
- **Recently, a cultural event, namely, "Rang De Mohe" on the occassion of Holi was celebrated successfully on 16th & 17th March, 2022 at Garden of Five Senses by Delhi Tourism in collaboration of SKP & Punjabi Academy.**
- **International Women's Day on 8th March, 2022 at all Dilli Haats. 50% discount in entry tickets was given to all women and a free health checkup camp was set up to facilitate women on the day. Cultural Programmes were organised in the evening at all Dilli Haats & also various competitions were conducted.**